# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

## 08.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- देश के विभिन्न स्थानों पर किए गए हमलों के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को किया निष्प्रभावी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर परिचालन निरंतरता और एजेसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर दिया बल।
- केन्द्र सरकार ने ओटीटी व मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म को पाकिस्तान की वैब सीरीज फिल्में व अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का दिया निर्देशं।
- प्रदेश सरकार ने बस किराए में की 15 फीसदी की बढ़ोतरी–नई दरें सभी बस श्रेणियों पर होगी लागू।

### समाचार विस्तार से...........

### रक्षा–पाकिस्तान

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है। आज नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रैस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों से अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें इंटिग्रेटिड काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्प्रभावी कर दिया। इन हमलों के कारण, बिखरे मलबे कई स्थानों पर मिल रहे हैं, जिससे पाकिस्तान के हमलों की पुष्टि होती है।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है।

### प्रधानमंत्री–बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत परिवर्तनशीलता को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के संवेदनशील दौर से गुजरने के दौरान निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इस बीच ऑपरेशन सिंदूर पर नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को रचनात्मक बताया और कहा कि हर नेता ने देश के सामने मौजूदा चुनौती को समझते हुए जिम्मेदारी पूर्वक अपने विचार प्रकट किए।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देश के 15 शहरों में पाकिस्तान के हमलों को नाकाम करने पर सैन्य बलों का आभार जताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना सर्वश्रेष्ठ है और पाकिस्तान की हर नापाक हरकत को करारा जवाब दे रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज पूरा देश एकजुट है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है।

**एडवाईजरी**

केन्द्र सरकार ने ओटीटी व मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब–सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिये हैं। सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस बारे में परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने उन्हें पाकिस्तानी वेब–सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य मीडिया सामग्री की स्ट्रीमिंग को रोकने की सलाह दी है। यह सामग्री सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल पर उपलब्ध हो या न हो, दोनों ही स्थितियों में हटानी होगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में सामने आया है। उन्होंने भारतीय सेना की इस निर्णायक कार्रवाई की प्रशंसा की। राज्यपाल आज अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर हमीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है बल्कि भारत की सम्प्रभुता, रणनीतिक शक्ति और आतंकवाद के विरूद्ध अड़िग संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। शिव प्रताप शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडक्रॉस पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था है। उन्होंने नागरिकों से रेडक्रॉस से जुड़ने और मानवीय कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। इससे पहले राज्यपाल ने ज़िला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लेडी गर्वनर व राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ल भी उपस्थित रहीं।

**रैडक्रॉस**

इस बीच विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज शिमला में बच्चों और रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को रेडक्रॉस के स्टिकर भेंट किए। मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस कोष में योगदान दिया और लोगों से भी इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान का आह्वान किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक मानवीय कल्याण के लिए बिना किसी लाभ के सदैव ही सराहनीय कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक आपदा प्रभावितों को समय पर राहत सामग्री उपलब्ध करवाने और मुश्किल समय में उम्मीद की नई किरण भी प्रदान करते हैं।

**किराया वृद्धि**

प्रदेश सरकार ने बस किराए में 15 फीसदी की बढ़ोतरी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। राज्य परिवहन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब लम्बी दूरी की यात्रा के लिए साधारण बसों में मैदानी क्षेत्रों में किराया एक रूपए 60 पैसे जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में 2 रूपए 50 पैसे प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इसी तरह डीलक्स बसों में मैदानी क्षेत्रों में एक रूपए 95 पैसे और पहाड़ी क्षेत्रों में 3 रूपए 10 पैसे वहीं ए.सी. व सुपर डीलक्स बसों में मैदानी क्षेत्रों में 3 रूपए 90 पैसे जबकि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए 5 रूपए 20 पैसे प्रति किलोमीटर तय किया गया है। नई दरें सभी बस श्रेणियों पर लागू होंगी। इस बीच हिमाचल प्रदेश में प्रवेश करने वाली बाहरी राज्यों की वॉल्वो और अन्य कॉन्ट्रेक्ट कैरिज बसों को अब स्पेशल रोड़ टैक्स मैनुअल तरीके से अदा करना होगा। केन्द्र सरकार

द्वारा एन.आई.सी. पोर्टल से ये सुविधा हटाए जाने के बाद राज्य परिवहन विभाग ने ये फैसला लिया है। विभाग के निदेशक डी.सी. नेगी ने बताया कि बाहरी कॉन्ट्रेक्ट कैरिज बसों को अब बॉर्डर पर मैनुअल टैक्स देना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने बसों के किराए में बढ़ोतरी कर प्रदेश की जनता के साथ नाइंसाफी की है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में एच. आर.टी.सी. प्रदेश के लोगों को परेशान करने का जरिया बन गई है। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आए दिन जनविरोधी फैसले ले रही है और हिमाचल में सरकार की कार्यशैली, कुशासन का पर्याय बन चुकी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एच.आर.टी.सी. की बसों में 15 फीसदी किराए की बढ़ोतरी कर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम किया है। अुनराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में महंगाई की मार से जनता बेहाल है और सरकार अपनी नाकामियों का जश्न मनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि ये सरकार हिमाचल के इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- देश के विभिन्न स्थानों पर किए गए हमलों के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को किया निष्प्रभावी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर परिचालन निरंतरता और एजेसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर दिया बल।
- केन्द्र सरकार ने ओटीटी व मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म को पाकिस्तान की वैब सीरीज फिल्में व अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का दिया निर्देशं।
- प्रदेश सरकार ने बस किराए में की 15 फीसदी की बढ़ोतरी–नई दरें सभी बस श्रेणियों पर होगी लागू।